लैंड पूलिंग से जुटाई जाएगी वेलनेस सिटी–आइटी सिटी के लिए जमीन

एलडीए बोर्ड बैठक आज, रखे जाएंगे योजनाओं से जुड़े प्रस्ताव

जागरण संवाददाता • लखनऊ : एलडीए की 182वीं बोर्ड बैठक में शुक्रवार को कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे जाएंगे। वेलनेस सिटी और आइटी सिटी योजना के लिए भूमि जुटाने के लिए भी खाका खींच लिया गया है। इन दोनों योजनाओं की भूमि के लिए एलडीए करीब 2471 रुपये खर्च करेगा। इसमें वेलनेस सिटी पर 1441, जबकि आइटी सिटी पर 1030 रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा किसान पथ, शहीद पथ और ग्रीन कारिडोर के समानांतर मार्ग के दोनों ओर 500 मीटर तक टीओडी (ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट) क्षेत्र घोषित करने का तैयारी है। इसके अलावा बहुमंजिला इमारतों के तीन वर्ष में स्ट्रक्चरल सेफ्टी आडिट के लिए भी प्रस्ताव रखा जाएगा। अलाया अपार्टमेंट हादसे के बाद भी बोर्ड बैठक में भी यह प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन उसे शासन से हरीझंडी नहीं मिल सकी थी।

दरअसल, सुलतानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बक्कास, चौरहिया, चैरासी, मलूकपुर, दुलारमऊ और नूरपुर बेहटा की लगभग 1197.984 एकड़ भूमि वेलनेस सिटी योजना को विकसित करने की तैयारियां चल रही हैं। वेलनेस सिटी को मेडिसिटी की तरह विकसित किया जाएगा। इसमें सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, मेडिकल कालेज, डायग्नोस्टिक सेंटर, मेडिटेशन सेंटर व विपासना केंद्र भी होंगे। इसी योजना में शहर के व्यस्ततम दवा बाजार अमीनाबाद को भी स्थानांतरित करने का प्रावधान रखा गया है। इसके लिए अलग से भूखंड भी नियोजित किए गए हैं।

इस योजना के लिए जमीन को सहमति के आधार पर किसानों से खरीदने और लैंड पूलिंग के जरिये लेने का प्रस्ताव रखा जाएगा। यही व्यवस्था आइटी सिटी योजना के लिए भी तैयार की गई है।

1,441 करोड़ रुपये वेलनेस सिटी योजना पर खर्च करेगा लखनऊ विकास प्राधिकरण

1,030 करोड़ रुपये आइटी सिटी योजना की भूमि खरीदने के लिए होंगे खर्च

ये प्रस्ताव भी आएंगे

- लखनऊ इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पट्टाधारकों के लिए नामांतरण की कार्यवाही।
- गोमती नगर के विशेष खंड, विनय खंड में बिजली उपकेंद्र के लिए जमीन विभाग को हस्तांतरित।
- कानपुर रोड योजना में स्थित डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सभागार के आउटसोर्स संचालन।
- छावनी में रानी लक्ष्मी बाई मार्ग पर अतिक्रमण कर काबिज व्यक्तियों को पुनर्स्थापित किया जाए।